कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, रायपुर वृत्त, रायपुर (छत्तीसगढ़)

☎ : (0771) 2523769, 2888509, Fax :- 2886152 - E-mail- ccf-raipur.cg@gov.in

विज्ञापन

छत्तीसगढ़ राज्य वन विभाग के रायपुर वृत्त अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों/ वन मण्डलों में वनरक्षक के रिक्त पदों की सीधी भर्ती से भरने के लिये योग्य उम्मीदवारों से दिनांक 10/02/2016 सायं 05:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में कॉलम 18 में दर्शित प्राधिकारी के पते पर रजिस्टर्ड ए.डी./स्पीड पोस्ट से ही भेजे जाये। सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। ये पद जिला स्तर के हैं तथा इन पदों पर चयन /नियुक्ति की कार्यवाही कॉलम 18 में दर्शित प्राधिकारी द्वारा ही की जायेगी।

वनमण्डलवार रिक्त पदों की जानकारी

क्र	जिला का नाम	कार्यालय / वनमण्डल का नाम	पदनाम	अनारक्षित			अ.पि.वर्ग			अ.जा.			अ.ज.जा.			कुल	कार्यालय जहां आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है
				मुक्त	महिला	भू.पू. सैनिक	मुक्त	महिला	भू.पू. सैनिक	मुक्त	महिला	भू.पू. सैनिक	मुक्त	महिला	भू.पू. सैनिक		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
1	रायपुर	रायपुर वनमण्डल, रायपुर	वनरक्षक	2	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-	3	वन मण्डलाधिकारी, रायपुर वनमण्डल, रायपुर राजातालाब छग
2	गरियाबंद	गरियाबंद वन मण्डल	वन रक्षक	5	-	-	2	-	-	1	-	-	5	-	-	13	वन मण्डलाधिकारी गरियाबंद वन मण्डल, गरियाबंद
3	धमतरी	धमतरी वन मण्डल, धमतरी	वन रक्षक	3	-	-	-	-	-	1	-	-	2	-	-	6	वन मण्डलाधिकारी धमतरी वन मण्डल सिंहावा चौक धमतरी
4	महासमुंद	महासमुंद वन मण्डल, महासमुंद	वन रक्षक	2	-	-	1	-	-	1	-	-	-	-	-	4	वन मण्डलाधिकारी महासमुंद वन मण्डल महासमुंद
			महयोग	12	-	-	3	-	-	4	-	-	7	-	-	26	

टीप :-

1. पदों की संख्या में वर्गवार कमी या वृद्धि हो सकती है। चयन /नियुक्ति के समय वास्तविक रिक्तियों के विरूद्ध चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी तथा भर्ती प्रक्रिया अनुसार 25 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची में से दिनांक 31.12.2016 तक रिक्त होने वाले पदों पर चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गो हेतु पदों का निर्धारण शासन द्वारा निर्धारित जिला स्तरीय सीधी भर्ती के आरक्षण रोस्टर के अनुसार हैं।
3. छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के आदेश क्रमांक/एफ 03-18/2013/10-3/वन दिनांक 10/06/2014 द्वारा भर्ती वर्ष 2014 एवं 2015 के लिए वनरक्षक भर्ती में महिला आरक्षण 10% निर्धारित किया गया है।
4. वन रक्षक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु की जाने वाली नियुक्तियॉ माननीय न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन क्रमांक (सी) 591/2012/, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्ययीन रहेगी।

-:: शैक्षणिक, तकनीकी अर्हताओं तथा वेतनमान का विवरण ::-

(1) वेतन बैंड - 5200+20200 एवं ग्रेड वेतन - 1900/-

(2) शैक्षणिक अर्हताएँ :-

मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण ।

03 FEB 2016

(3) शारीरिक अर्हताएँ :–

(i) वनरक्षक पद के लिये न्यूनतम शारीरिक प्रमाप (स्टेण्डर्ड) निम्नानुसार होगा :–

शारीरिक प्रमाप	पुरूष अभ्यार्थी	महिला अभ्यार्थी
ऊँचाई अनुसूचित जनजाति हेतु अन्य	 152 से.मी. 163 से.मी.	 145 से.मी. 150 से.मी.
सीना सामान्य (समस्त वर्ग)	79 से.मी. (न्यूनतम)	–
सीने का फुलाव (समस्त वर्ग)	05 से.मी. (न्यूततम)	

(ii) अन्य अर्हता – पैदल चाल :–

पुरूष – 25 किलोमीटर 04 घण्टे में पूर्ण करना आवश्यक ।

महिला – 14 किलोमीटर 04 घण्टे में पूर्ण करना आवश्यक ।

नियम एवं शर्तें :–

1. आयु सीमा :–

दिनांक 01/01/2016 को 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला वर्ग के लिए आयु सीमा में छूट शासन के नियमों व शर्तों के अनुसार रहेगी। आयु के संबंध में हाई स्कूल का प्रमाण–पत्र अथवा अंकसूची की सत्यापित प्रति जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, संलग्न करना होगा।

2. चयन परीक्षा :–

आवेदन पत्रों की जांच पश्चात् शासन द्वारा निर्धारित संलग्न अनुसार चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। अर्ह अभ्यर्थियों को आवश्यकतानुसार प्रतियोगी परीक्षा/शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जावेगा, जिसके लिए तिथि निर्धारित होने की सूचना पृथक से भेजी जावेगी। यात्रा भत्ता की पात्रता नही होगी।

3. परीक्षा केन्द्र –

परीक्षा केन्द्र की सूचना पृथक से दी जायेगी।

4. निवासी –

उम्मीदवार छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य हैं।

5. जाति प्रमाण पत्र –

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार का जाति संबंधी प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये हों।

6/ अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

7/ आवेदन पत्र के लिफाफे में आवेदित पद का नाम एवं वर्ग स्पष्ट अक्षरों में लिखना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा, जिस पर 5.00 रूपये की पोस्टल टिकट चस्पा हो, संलग्न करें।

8/ रोजगार कार्यालय का जीवित पजीयन क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करना तथा प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं।

9/ कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयू से पूर्व विवाह कर लिया हो किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

10/ कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित सन्तान है तथा यदि इनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

11/ शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा विचारणीय नही होगा।

12/ कोई भी उम्मीदवार जिसके पास एन.सी.सी. "सी" सर्टिफिकेट (न्यूनतम बी ग्रेड का प्रमाण पत्र धारी) एवं खेल कूद में प्रवीणता प्रमाण पत्र हो तो उसकी सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।

13/ आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्र स्व–प्रमाणित कर संलग्न किये जावें।

14/ किसी प्रवर्ग में महिला एवं भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार से भरा जा सकेगा जिस प्रवर्ग के लिये पद आरक्षित हैं।

15/ रिक्त पद निर्धारित अर्हता तथा अन्य संबंधित जानकारी वन विभाग की वेबसाइड www.cgforest.nic.in. अथवा www.cgforest.com पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि इसकी भलीभांति अध्ययन कर ही आवेदन पत्र भरें।

मुख्य वन संरक्षक,
रायपुर वृत्त, रायपुर (छत्तीसगढ़)

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

.....

.....

.....

राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित एक पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें एवं दूसरा फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें

पद जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है :– वनरक्षक

1/ आवेदक का नाम : .....

2/ लिंग (महिला/पुरूष) : .....

3/ पिता / पति का नाम : .....

4/ जन्म तिथि (अंको में) : .....

(शब्दो में) : .....

5/ दिनांक 01/01/2016 की स्थिति में : आयु ..... वर्ष ..... माह .....

6/ जाति वर्ग (अना./अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग) : .....

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

7/ स्थाई पता : .....

.....

8/ डाक व्यवहार का वर्तमान पता एवं दूरभाष नम्बर : .....

.....

9/ क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है ? (हां/नही): .....

(यदि हां तो प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

10/ यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि : .....

11/ जीवित बच्चों की संख्या एवं उनकी जन्मतिथियॉं : .....

12/ रोजगार कार्यालय का नाम : .....

पंजीयन क्रमांक / दिनांक : .....

13/ ***शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–***

क्र.	*परीक्षा का नाम*	*उत्तीर्ण वर्ष*	*बोर्ड / वि.वि. / संस्था का नाम*	*कुल प्राप्तांक*	*कुल अंक*	*श्रेणी*	*प्राप्तांकों का प्रतिशत*
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*	*8*

(प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

14/ शारीरिक मापदण्ड :–

शारीरिक प्रमाप	
ऊचाई	..... से.मी.
सीना	..... से.मी.
सीने का फुलाव	..... से.मी.

15/ वर्तमान तथा पूर्व शासकीय सेवा का विवरण : .....

अ. नियोक्ता कार्यालय का नाम : .....

ब. धारित पद का नाम एवं वेतनमान/मूल वेतन : .....

स. कार्य अवधि : .....

16/ (i) क्या अभ्यर्थी विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाना/न्यायालय में लंबित है अथवा न्यायालय से निराकृत हो चुका है ? : (हॉ/नहीं)

(ii) यदि उत्तर हॉ है तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक तथा निर्णय आदि की जानकारी का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। : .....

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तों को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं किसी भी समय मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी।

दिनांक : .....

स्थान : .....

आवेदक के हस्ताक्षर

संलग्न सहपत्रों का विवरण (संलग्न किए गए सहपत्र पर सही √ का निशान लगावें) – सत्यापित प्रति संलग्न करें।

1. निवासी का प्रमाण–पत्र ☐
2. जाति प्रमाण–पत्र ☐
3. रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति ☐
4. एन.सी.सी. "सी" सर्टिफिकेट (न्यूनतम बी ग्रेड का प्रमाण पत्र) ☐
5. खेल कूद में प्रावीण्यता सर्टिफिकेट ☐
6. वन रक्षक के लिये शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण – पत्र एवं हायर सेकेण्ड्री (10+2) की अंक सूची की प्रति ☐